29 जून 2018 को इंदौर–वेरावल महामना एक्सप्रेस (रेलगाड़ी सं. 19319/19320) के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित समारोह में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण।

1. आज इंदौर में रेलवे के विकास और विस्तार कार्यों की श्रृंखला में रेल मंत्रालय के सहयोग से इंदौर–वेरावल (सोमनाथ) के बीच एक नई साप्ताहिक रेलगाड़ी इंदौर–वेरावल महामना एक्सप्रेस का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का आभार प्रकट करती हूं।

2. इंदौर से वेरावल के लिए चलाई जाने वाली साप्ताहिक गाड़ी (19319/19320) इंदौर से प्रत्येक मंगलवार को 10.25 बजे रात्रि को चलेगी एवं बुधवार शाम को 6.05 बजे वेरावल पहुंचेगी। वापसी में प्रत्येक गुरूवार की सुबह 8.45 बजे वेरावल से प्रस्थान कर शुक्रवार सुबह 4.55 बजे इंदौर आएगी।

3. यह ट्रेन इंदौर से देवास, उज्जैन, रतलाम, गोधरा, आणंद, अहमदाबाद, सुरेन्द्र नगर और राजकोट होते हुए वेरावल तक जाएगी। कुछ तकनीकी दिक्कत होने के कारण अभी सीधे सोमनाथ तक यह रेलगाड़ी नहीं जाएगी। शीघ्र ही उसका निराकरण होने पर यह सोमनाथ तक भी जाएगी। वेरावल से सोमनाथ मात्र 5 किलोमीटर दूर है।

4. इस रेलगाड़ी को महामना एक्सप्रेस के 16 कोच वाले रैक से चलाया जाएगा जो अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिससे सोमनाथ की यात्रा में इंदौर सहित मालवा क्षेत्र के अन्य स्थानों के रेलयात्रियों को बहुत सहूलियत होगी।

5. यूं तो इंदौर को पहले भी रेल सुविधाएं मिली हैं, लेकिन पिछले चार साल में रेल मंत्रालय ने हमें एक–एक करके जो कई सौगातें दी हैं, उनके कारण अब इन्दौर देश के विभिन्न राज्यों, प्रमुख तीर्थस्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से सीधे जुड़ गया है।

6. इन्दौर–वेरावल के बीच साप्ताहिक ट्रेन के प्रारंभ होने से जहां सोमनाथ आने–जाने वाले यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं इन दोनों महत्वपूर्ण शहरों और रास्ते में आने वाले शहरों से भी व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग को भी और विकसित होने का मौका मिलेगा।

7. मुझे इस बात की खुशी है कि हमने जब भी रेल मंत्रालय से किसी नई ट्रेन की मांग की या प्रायोगिक तौर पर गाड़ियों के स्टॉपेज, बेहतर सुविधाएं देने एवं infrastructure को develop करने का मसला आया है, तो उन सभी प्रस्तावों/सुझावों पर रेल मंत्रालय ने सदैव सकारात्मक रूख अपनाया है। रेल मंत्री जी ने इंदौरवासियों की मांगों को, हमारी मांगों को हमेशा तवज्जो दी है। इसके लिए रेल मंत्री एवं राज्य मंत्री सहित रेल मंत्रालय के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण धन्यवाद के पात्र हैं।

8. मैं आशा करती हूँ कि रेल मंत्री पीयूष गोयल जी के नेतृत्व में रेलवे देशवासियों की सभी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और रेल यात्रा सुरक्षित एवं सुखद होने के साथ–साथ यात्रियों को आधुनिकतम तकनीक से उपलब्ध सभी आरामदायक और सुख–सुविधाएं मिलेगी। करीब 100 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर वॉटर एटीएम लगाए जाएंगे ताकि रेलयात्रियों को कम कीमत पर शुद्ध पानी मिल सके।

9. रेलकर्मी भी पहले से ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं एवं यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान मदद करते है। एक बार माननीय रेल मंत्री के ट्वीट पर रेल में सफर के दौरान नवजात बच्ची के लिए दूध की व्यवस्था रेलकर्मियों द्वारा की गई थी। अभी हाल ही में, एक गर्भवती महिला की डिलीवरी रेलगाड़ी को 40 मिनट रोककर कराई गई, जो कि रेलवे एवं रेलकर्मियों की संवेदनशीलता एवं ड्यूटी के प्रति उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा का ज्वलंत उदाहरण है।

10. रेल मंत्रालय ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाने की कोशिशें तेज करने के साथ-साथ यात्रियों को सजग बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चला रहा है। रेलवे के दोहरीकरण के कार्य की गति भी

पहले से तीव्र हुई है। पुरानी पटरियों को बदलने एवं आमान परिवर्तन का कार्य भी यात्री सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। रेलवे में सफाई भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं इस अवसर पर लोगों से अपील करना चाहूंगी कि वे स्टेशनों और ट्रेनों के डिब्बों को साफ़-सुथरा रखने में रेलवे प्रशासन का सहयोग करें। स्वच्छता के लिए प्राइवेट, सरकारी एजेंसियों सहित आम नागरिकों, सभी को आग्रही होना होगा।

11. अंत में, मैं सिर्फ एक बात और कहना चाहूंगी कि भारत की अर्थव्यवस्था में रेल परिवहन का महत्वपूर्ण स्थान है। यह किफायती दर पर बड़ी मात्रा में जनशक्ति के आवागमन के लिए बहुत ही आदर्श है एवं लंबी दूरी की यात्रा के लिए अत्यन्त उपयुक्त है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक और कोहिमा से लेकर कच्छ तक भारत का रेल नेटवर्क निरंतर बढ़ता जा रहा है एवं पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध रहा है। रेल नेटवर्क अब देश की जीवनधारा (lifeline) बन चुका है।

12. मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रेल मंत्री जी एवं रेल मंत्रालय, भारत की जनता की आशाओं, अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं एवं उन्हें श्रेष्ठतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं एक बार फिर रेलवे के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का उनके कर्त्तव्य के प्रति समर्पण भाव के लिए उनका तहे दिल से स्वागत करती हूं।

धन्यवाद।